दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 03 जनवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 96

महत्वपूर्ण एवं खास

केरल सरकार को सीएए हटाने का प्रस्ताव पास करने का अधिकार नहीं : राज्यपाल

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। केरल विधानसभा में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए)को हटाने के लिए पास हुए प्रस्ताव को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गलत करार दिया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि किसी राज्य को केंद्रीय विषयों पर प्रस्ताव पास करने का अधिकार ही नहीं है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा, नागरिकता का मामला केंद्र सरकार का विषय है, इसको लेकर राज्य सरकार के प्रस्ताव पारित करने का कहीं कोई संवैधानिक आधार नहीं है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयवन ने मंगलवार को विधानसभा में सीएए हटाने के लिए प्रस्ताव पेश किया था जिसे बाद में विधानसभा ने पारित किया था। इस प्रस्ताव का कांग्रेस ने समर्थन किया था वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कड़ा एतराज जताया था। प्रस्ताव पास कराने के पीछे मुख्यमंत्री पी विजयन ने कहा था कि केरल में सेक्युलरिज्म (धर्म निरपेक्षता) का सुनहरा इतिहास रहा है। ऐसे में इस परंपरा को बनाए रखने के लिए ऐसे कानून का विरोध जरूरी है।

एनसीपी के कद्दावर नेता डीपी त्रिपाठी का दिल्ली में निधन

» लंबे समय से थे बीमार

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता और पूर्व सांसद डीपी त्रिपाठी का गुरुवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। डीपी त्रिपाठी का जन्म यूपी के सुल्तानपुर में हुआ था। वह जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी छात्र संघ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने अपने राजनैतिक पारी की शुरुआत कांग्रेस से की थी, लेकिन बाद में उन्होंने एनसीपी ज्वाइन कर लिया था। सुप्रिया सुले ने डीपी त्रिपाठी के निधन पर ट्वीट कर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा कि डीपी त्रिपाठी के निधन के बारे में सुनकर गहरा दुःख हुआ। वे एनसीपी के महासचिव थे, हम सभी के मार्गदर्शक और संरक्षक थे। हम उनके परामर्श और मार्गदर्शन को याद करेंगे, जो उन्होंने उस दिन से दिया था, जिस दिन एनसीपी की स्थापना हुई थी। उनकी आत्मा को शांति मिले।

मेट्रो से सफर करने वालों को मिलेगी वाई-फाई सुविधा

» दिल्ली को नए साल का तोहफा

नईदिल्ली,02 जनवरी (आरएनएस)। दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर अब वाई-फाई की सुविधा शुरू होने जा रही है. अब तक कुछ मेट्रो स्टेशनों पर ही वाई-फाई की सुविधा है. यह देश में पहली ऐसी मेट्रो होगी, जिसमें पैसेंजर्स को वाई-फाई की सुविधा मिलेगी. दिल्ली मेट्रो के सूत्रों का कहना है कि गुरुवार को यह सुविधा शुरू हो सकती है. फिलहाल मेट्रो पैसेंजर्स को फ्री वाई फाई की सुविधा दी जाएगी।

यूएस में क्लाइंबिंग के दौरान 150 मीटर नीचे गिरा भारतीय मूल का युवक, बाल-बाल बची जान

ओटावा। कनाडा में रहने वाले एक भारतीय मूल का युवक अमेरिकी राज्य ओरेगन में माउंट हूड नामक पहाड़ी पर क्लाइंबिंग के दौरान 150 मीटर नीचे गिर गया, जिसे बचाव दल की ओर से कड़ी मशक्कत के बाद बचाया जा सका। यह हादसा उस वक्त हुआ जब 16 साल का गुरबाज सिंह गत सोमवार को अपने दोस्तों के साथ क्लाइंबिंग कर रहा था। इस दौरान वह अचानक बर्फ पर अपना संतुलन खो बैठा और फिसलकर नीचे गिर गया।

इंडोनेशिया की राजधानी में बाढ़ आने से 23 लोगों की मौत, कई फंसे

जकाता। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में भीषण बाढ़ और भूस्खलनों के कारण कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है। प्रभावित इलाके में करीब तीन करोड़ लोग रहते हैं। यहां से हजारों लोगों को अस्थायी शरणस्थलों पर भेजा गया।

सर्वाधिक खाद्यान्न उत्पादन के लिए छत्तीसगढ़ को मिला कृषि कर्मण पुरस्कार

छत्तीसगढ़ को सर्वाधिक खाद्यान्न उत्पादन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज कृषि कर्मण पुरस्कार से सम्मानित किया।

कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे ने राज्य की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। छत्तीसगढ़ को वर्ष 2016-17 में कुल खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी-2 के अंतर्गत सर्वाधिक खाद्यान्न उत्पादन के लिए भारत सरकार द्वारा इस पुरस्कार के लिए चुना गया है कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे ने प्रदेश के किसानों और विभागीय अधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। कृषि मंत्री चौबे ने इस पुरस्कार को प्रदेश के अन्नदाता किसानों के नाम समर्पित किया है। कर्नाटक के तुमकुर में आयोजित पुरस्कार समारोह में प्रधानमंत्री ने प्रदेश के दो प्रगतिशील किसानों विरेन्द्र कुमार साहू एवं श्रीमती अदिति कश्यप को भी पुरस्कृत किया। पुरस्कार के तौर पर उन्हें दो-दो लाख रूपए की राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ को कृषि कर्मण पुरस्कार के रूप में पांच करोड़ रूपए की राशि, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। कृषि मंत्री के साथ संचालक कृषि टामन सिंह सोनवानी, अपर संचालक एस.एस. केरकेट्टा और संचालक समेती डी.के. भोयर ने पुरस्कार ग्रहण किया।

भारतीय रेलवे ने जारी किया हेल्पलाइन नम्बर '139'

नईदिल्ली (आरएनएस)। रेल से सफर के दौरान पूछताछ एवं शिकायत निवारण के लिए कई हेल्पलाइन नम्बर रहने के कारण यात्रियों को हो रही असुविधा को समाप्त करने के लिए भारतीय रेलवे ने एक अभिनव पहल की है।

भारतीय रेलवे ने इसके तहत समस्त हेल्पलाइन नम्बरों को एकीकृत कर केवल एक हेल्पलाइन नम्बर '139' में तब्दील कर दिया है, ताकि सफर के दौरान यात्रियों द्वारा की जाने वाली शिकायतों का त्वरित निवारण संभव हो सके। सभी मौजूदा हेल्पलाइन नम्बरों (182 को छोड़कर) के स्थान पर अब केवल एक ही नया हेल्पलाइन नम्बर '139' रहने से यात्रियों के लिए इस नम्बर को याद रखना और सफर के दौरान अपनी सभी जरूरतों की पूर्ति के लिए रेलवे से संपर्क साधना या कनेक्ट करना काफी आसान हो जाएगा।

हेल्पलाइन नम्बर '139' बारह भाषाओं में उपलब्ध रहेगा। यह आईवीआरएस (इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स सिस्टम) पर आधारित है। हेल्पलाइन नम्बर '139' पर कॉल करने के लिए किसी स्मार्ट फोन की जरूरत नहीं है। अतः ऐसे में सभी मोबाइल यूजर के लिए इस नम्बर तक आसान पहुंच रहेगी।

न्याय साक्षी के सभी पाठकों को नव-वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

चौदह वैज्ञानिकों को स्वर्ण जयंती फेलोशिप दी गई

नईदिल्ली (आरएनएस)। नवीन विचारों वाली अनुसंधान परियोजनाओं से जुड़े तथा अपने संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास कार्यों पर प्रभाव छोड़ने की क्षमता रखने वाले 14 वैज्ञानिकों को स्वर्ण जयंती फैलोशिप दी गई है।

तीन स्तरीय प्रक्रिया के माध्यम से फेलोशिप के लिए चुने गए वैज्ञानिकों को अपने हिसाब से ऐसे विषयों पर शोध कार्य करने की छूट होगी जो अभी तक अछूते रहे हैं।

स्वर्ण जयंती फेलोशिप योजना भारत सरकार की ओर से देश की आजादी के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरु की गई थी। इस के तहत अपनी क्षमता का बेहतर प्रदर्शन करने वाले कुछ युवा वैज्ञानिकों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बुनियादी अनुसंधान को आगे बढ़ाने में के लिए विशेष सहायता प्रदान की जाती है।

फेलोशिप और शोध के लिए चुने गए वैज्ञानिकों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा शोध कार्यों के लिए मदद दी जाती है। इसके तहत शोध से जुड़े सभी कार्यों के लिए वित्तीय मदद के साथ ही 25,000 रुपये प्रति माह की फ़ेलोशिप शामिल है। इसके अलावा वैज्ञानिकों को उनके वेतन के अतिरिक्त 5 वर्षों के लिए 5 लाख रुपये का शोध अनुदान भी दिया जाता है। कुल 443 आवेदकों में से, 14 वैज्ञानिकों को इस बार फेलोशिप के लिए चुना गया है।

गणतंत्र दिवस परेड में नहीं दिखेगी पश्चिम बंगाल की झांकी

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार द्वारा 26 जनवरी को राजपथ पर होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में पश्चिम बंगाल की झांकी को शामिल नहीं किया गया है।

» केंद्र ने ठुकराया ममता सरकार का प्रस्ताव

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी दी कि बंगाल सरकार की झांकी का प्रस्ताव विशेषज्ञ समिति के पास दो बार भेजा गया। दूसरी बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद इसे खारिज कर दिया गया।

मंत्रालय के मुताबिक, बंगाल की झांकी को पहले परेड की प्रक्रिया के हिसाब से चुना गया था। 2020 में होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में कुल 56 झांकियों के प्रस्ताव आए थे। इन झांकियों के चुनाव के लिए विशेषज्ञ समिति में पांच दौर की बैठक की।

मंत्रालय को राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से झांकियों के 32 और केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों से 24 प्रस्ताव मिले थे।

जिसके बाद मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि पांच बैठकों के बाद उनमें से राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 16 और मंत्रालयों/विभागों के छह प्रस्ताव अंतिम रूप से गणतंत्र दिवस परेड 2020 के लिए चुने गया है।

गणतंत्र दिवस परेड के लिए राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। झांकियों का चयन एक विशेष समिति द्वारा किया जाता है, जिसमें कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला और नृत्यकला से संबंधित लोग शामिल होते हैं। यह समिति प्रस्तावों पर विचार कर अपनी सिफारिशों को रक्षा मंत्रालय को सौंपती है। समय की बाध्यता को देखते हुए सीमित संख्या में ही झांकियों का चयन होता है।

पश्चिम बंगाल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्र सरकार के बीच नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी को लेकर लगातार टकराव हो रहा है। माना जा रहा है कि गणतंत्र दिवस परेड में बंगाल की झांकी को शामिल ना किए जाने से दोनों सरकारों के बीच टकराव बढ़ सकता है। 2018 में भी बंगाल की झांकी परेड में शामिल नहीं की गई थी और उसके प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया था।

रायपुर जिला अस्पताल में निःशुल्क सुपरस्पेशियालिटी ओपीडी शुरू

रायपुर। सुपरस्पेशिलस्ट डाक्टरों द्वारा इलाज की सुविधा रायपुर जिला अस्पताल में शुरू कर दी गई है। इसके लिए निजी अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवा ली जा रही है।

पंडरी स्थित रायपुर जिला अस्पताल में सुपरस्पेशिलस्ट ओपीडी सेवा के पहले दिन 1 जनवरी को चार विशेषज्ञों ने मरीजों का इलाज किया। यहां इको-कॉर्डियोग्राफी और ब्लड बैंक सुविधा भी 1 जनवरी से चालू हो गई है।

झविशेषज्ञ ओपीडी सेवा के पहले दिन ए.सी.आई. (Advanced Cardiac Institute) के प्रभारी डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने दो मरीजों का इको कर उपचार किया एवं जरूरी परामर्श दिया। रामकृष्ण केयर अस्पताल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राहुल पाठक, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. प्रभात चौधरी और वी.वाई. अस्पताल के अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीधर राव ने भी लोगों को निःशुल्क विशेषज्ञ ओपीडी सेवा प्रदान की।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने शासकीय अस्पतालों में सुपरस्पेशियालिटी इलाज उपलब्ध कराने निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों की सेवाएं लेने के निर्देश दिए थे। उनकी पहल पर रायपुर जिला अस्पताल में यह सुविधा शुरू कर दी गई है। जल्दी ही दूसरे विभागों के विशेषज्ञों की भी नियमित सेवाएं यहां शुरू हो जाएंगी। विभाग और दिनवार रोस्टर बनाकर जिला अस्पताल में सवेरे 10 बजे से 12 बजे तक मरीजों को नि-शुल्क विशेषज्ञ ओपीडी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित की जाने वाली 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा में बैठने के लिए विद्यार्थियों की उपस्थिति 75 प्रतिशत होना अनिवार्य है। सीबीएसई ने अपनी हालिया अधिसूचना में सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होने वाले सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति की एक जनवरी, 2020 तक गणना करें। जिन छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी, उन्हें सीबीएसई द्वारा दिए गए नियम के अनुसार परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सीबीएसई की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होने वाली है और प्रवेश पत्र सिर्फ उन विद्यार्थियों को दिया जाएगा जो उपस्थिति समेत अन्य अनिवार्य पैमानों पर सही होंगे। कम उपस्थिति वाले छात्रों को उनके क्षेत्रीय कार्यालय में जाना होगा और उन पर निर्णय सात फरवरी या उससे पहले लिया जाएगा।

प्रधानमंत्री आज करेंगे पांच युवा वैज्ञानिक प्रयोगशाला राष्ट्र को समर्पित

नईदिल्ली(आरएनएस)। रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रक्षा अनुसंधान एंव विकास संगठन (डीआरडीओ) की पांच युवा वैज्ञानिक प्रयोगशाला राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

यह कार्यक्रम बेंगलुरु में डीआरडीओ के एरोनॉटिकल डेवलपमेंट इस्टैब्लिशमेंट में आयोजित किया जाएगा। प्रयोगशलाएं राष्ट्र को समर्पित करने के प्रतीक के रूप में प्रधानमंत्री वहां एक पट्टिका का अनावरण करेंगे और वैज्ञानिकों को संबोधित करेंगे। डीआरडीओ इस अवसर पर एक प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री को अपने कुछ नवोन्मेष उत्पाद भी दिखाएगा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा और डीआरडीओ के अध्यक्ष डा. जी सतीश रेड्डी भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि 2014 में डीआरडीओ पुरस्कार वितरित करने के बाद रक्षा क्षेत्र के वरिष्ठ और जाने माने वैज्ञानिकों तथा सशस्त्र सेनाओं के बड़े अधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देश में डीआरडीओ की पांच युवा वैज्ञानकि प्रयोगशलाएं बनाए जाने का सुझाव दिया था। उन्होंने कहा था कि ये प्रयोगशालाएं ऐसी होनी चाहिए जिसमें 35 वर्ष तक की आयु वाले युवा वैज्ञानिकों द्वारा कुछ अनूठे शोध कार्य किए जाएं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने रक्षा अनुसंधान गतिविधियों में बड़े पैमाने पर युवाओं को शामिल करने का आह्वान भी किया था।

पीरागढ़ी में बैटरी फैक्ट्री में आग के बाद ब्लास्ट, इमारत जमींदोज

नईदिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के पीरागढ़ी इलाके में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक फैक्ट्री में भीषण लग गई है और जोरदार धमाके के चलते बिल्डिंग का कुछ हिस्सा ध्वस्त हो गया है। जिसकी वजह से अफरा-तफरी मच गई है। इस आग में दमकर कर्मी सहित कई लोगों के फंसे होने की खबर है। बताया जा रहा है कि ये हादसा एक बैट्री की फैक्ट्री में हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की 35 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई है और बचाव अभियान

» दमकल कर्मी समेत कई लोग फंसे

शुरू कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फैक्ट्री में रुक-रुक के धमाके हो रहे हैं। बता दें कि तड़के आग की सूचना मिलने पर दमकलकर्मी बचाव के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान एक जोर का धमाका हुआ और बिल्डिंग ही धराशायी हो गई। जानकारी के अनुसार राहत व बचाव कार्य के दौरान फैक्टरी में एक ब्लास्ट हुआ जिसके चलते इमारत का एक हिस्सा धराशायी हो गया और इसमें मौजूद कई लोग फंस गए हैं, जिसमें तीन दमकलर्मी भी शामिल हैं। इस वक्त एनडीआरएफ की टीम और दमकर्मी राहत व बचाव का कार्य कर रहे हैं। बता दें कि यह फैक्टरी ओकाया बैटरी की है। बताया जा रहा है कि मलबे में फंसे तीन दमकलकर्मियों को बाहर निकाल लिया गया है। इस घटना के बारे में सुनकर बेहद दुख हुआ। मैं पूरी घटना पर बारीकी से नजर रखे हुए हूं। दमकलकर्मी अपना पूरा प्रयास कर रहे हैं। जो लोग फंसे हैं उनकी सलामती के लिए दुआ करता हूं। जानकारी के अनुसार ये आग गुरुवार सुबह चार बजकर 23 मिनट पर लगी।